केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation Under the Ministry of Education, Govt. of India)

**क्रमांक केमाशिबो /शैक्ष./उस(मसिं)/2024** **दिनांक : 20.03.2024**

**परिपत्र संख्या: शैक्ष.-27/2024**

**केमाशिबो से संबद्ध सभी विद्यालयों के प्रमुख**

**विषय: प्रेरणा: अनुभवात्मक शिक्षा का विद्यालय के सम्बन्ध में ।**

प्रिय प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या

स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने 'प्रेरणा: अनुभवात्मक शिक्षा का विद्यालय' कार्यक्रम प्रारंभ किया है जो 9वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए एक अनूठा एक प्रेरणादायक कार्यक्रम है। यह प्रेरणा विद्यालय, वडनगर, गुजरात में विभिन्न राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 10 जिलों के 20 विद्यार्थियों (10 लड़कियों और 10 लड़कों) के लिए एक सप्ताह का आवासीय कार्यक्रम है।

प्रेरणा कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी https://prerana.education.gov.in/ पर उपलब्ध हैं और पंजीकरण भी इसी पोर्टल के माध्यम से किया जा सकता है। विद्यालय स्तर पर प्रेरणा उत्सव दिवस के आयोजन हेतु एसओपी अनुलग्नक-1 पर संलग्न है।

आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त जानकारी को अपने विद्यालय के सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ साँझा करें और इस विशिष्ट महत्वाकांक्षी और प्रेरणादायक नेतृत्व कार्यक्रम में चयन के लिए प्रेरणा पोर्टल पर इच्छुक विद्यार्थियों के पंजीकरण की सुविधा प्रदान करें।

शुभकामनाओं सहित,

**डॉ. जोसफ इमानुवल**
**निदेशक (शैक्षणिक)**

**निम्नानुसार संबंधित निदेशालयों, संगठनों और संस्थानों के प्रमुखों को उनके अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों में सूचना प्रसारित करने के अनुरोध के साथ प्रतिलिपि:**

1. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18 इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-16
2. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, बी-15, सेक्टर-62, इंस्टीट्यूशनल एरिया, नोएडा-201309
3. सचिव, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस), जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार।
4. सचिव, सैनिक विद्यालय सोसायटी, कमरा नंबर 101, डी-1 विंग, सेना भवन, नई दिल्ली-110001
5. अध्यक्ष, ओडिशा आदर्श विद्यालय संगठन, एन-1/9, दूरदर्शन केंद्र के पास, पीओ सैनिक विद्यालय नयापल्ली, भुवनेश्वर, ओडिशा-751005
6. शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, भारत सरकार। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, पुराना सचिवालय, दिल्ली-

110054

7. सार्वजनिक निर्देश निदेशक (विद्यालय), केंद्र शासित प्रदेश सचिवालय, सेक्टर 9, चंडीगढ़-160017
8. शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम -737101
9. विद्यालय शिक्षा निदेशक, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर -791 111
10. शिक्षा निदेशक, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह सरकार, पोर्ट ब्लेयर - 744101
11. विद्यालय शिक्षा निदेशक, लद्दाख, कमरा नंबर 101-102, ग्राउंड फ्लोर, परिषद सचिवालय, कुर्बाथांग, कारगिल - लद्दाख
12. विद्यालय शिक्षा निदेशक, आंध्र प्रदेश, तीसरी मंजिल, बी ब्लॉक, अंजनेय टावर्स, वीटीपीएस रोड, भीमराजू गुट्टा, इब्राहिमपटनम, आंध्र प्रदेश - 521 456
13. निदेशक, केंद्रीय तिब्बती विद्यालय प्रशासन, ईएसएसईएस प्लाजा, सामुदायिक केंद्र, सेक्टर -3, रोहिणी, दिल्ली
14. सेना शिक्षा के अतिरिक्त महानिदेशक, ए-विंग, सेना भवन, डीएचक्यू, पीओ, नई दिल्ली-110001
15. सचिव एडब्ल्यूईएस, रक्षा मंत्रालय (सेना) का एकीकृत मुख्यालय, एफडीआरसी बिल्डिंग नंबर 202, शंकर विहार (एपीएस के पास), दिल्ली कैंट-110010
16. अध्यक्ष, केमाशिबो के अध्यक्ष, केमाशिबो के उपसचिव
17. सचिव/परीक्षा नियंत्रक/सभी निदेशक, केमाशिबो
18. केमाशिबो के सभी क्षेत्रीय निदेशकों/क्षेत्रीय अधिकारियों को इस अनुरोध के साथ कि वे अपने संबंधित क्षेत्रों में बोर्ड के सभी संबद्ध विद्यालयों के प्रमुखों को यह परिपत्र भेजें।
19. सभी संयुक्त सचिव/उप सचिव/अवर सचिव/सहायक सचिव, केमाशिबो
20. सभी प्रमुख/प्रभारी, उत्कृष्टता केंद्र, केमाशिबो
21. प्रभारी आईटी इकाई को इस परिपत्र को केमाशिबो शैक्षणिक वेबसाइट पर डालने के अनुरोध के साथ
22. प्रभारी, पुस्तकालय
23. रिकॉर्ड फ़ाइल

**निदेशक (शैक्षणिक)**

# प्रेरणा: एक अनुभवात्मक शिक्षा कार्यक्रम

## विद्यालय/जिला स्तर पर प्रेरणा उत्सव दिवस के आयोजन हेतु एसओपी

### प्रेरणा पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थियों का पंजीकरण

प्रारंभिक (पायलट ) चरण (सूची संलग्न) में सम्मिलित किये गए 90 जिलों को छोड़कर सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के सभी जिलों के लिए कक्षा IX - XII के विद्यार्थियों द्वारा आवेदन के लिए प्रेरणा पोर्टल 15 मार्च 2024 से खोला जाएगा। सभी राज्य प्रेरणा पोर्टल पर विद्यार्थियों का अधिकतम पंजीकरण सुनिश्चित करेंगे।

### विद्यालय स्तरीय प्रेरणा उत्सव

- **1 अप्रैल से 15 अप्रैल 2024** के बीच सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में विद्यालय स्तरीय प्रेरणा उत्सव आयोजित किया जाएगा।
- राज्य शिक्षा विभाग विद्यालय स्तरीय प्रेरणा उत्सव की **जिलेवार तिथियाँ** तय करेगा और **20 मार्च 2024** तक शिक्षा मंत्रालय और नवोदय विद्यालय को सूचित करेगा।
- राज्य शिक्षा विभाग केमाशिबो, केवीएस, जेएनवी और राज्य सरकार सहित राज्य/केंद्रशासित प्रदेशों के सभी जिलों(पायलट चरण के 90 जिलों को छोड़कर) के सभी विद्यालयों को प्रेरणा उत्सव के आयोजन के लिए एसओपी के विषय में सूचित करेगा।
- जिला स्तर पर, जिला शिक्षा अधिकारी जिलों के सभी विद्यालयों के लिए प्रेरणा उत्सव के लिए एक उन्मुखीकरण (ओरिएंटेशन) कार्यक्रम आयोजित करेंगे। जिला नोडल जेएनवी/केवी प्राचार्य को उन्मुखीकरण कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया जा सकता है।
- जिले का प्रत्येक विद्यालय एक ही तिथि को विद्यालय स्तर पर 'प्रेरणा उत्सव' के लिए एसओपी का पालन करते हुए विद्यालय स्तर पर 'प्रेरणा उत्सव' का आयोजन करेगा। प्रेरणा उत्सव में कक्षा 9वीं से 12वीं (सत्र 2024-25 के अनुसार) के विद्यार्थी भाग लेंगे।
- विद्यालय विद्यार्थियों को प्रेरणा कार्यक्रम के लिए उन्मुख करेगा, सभी विद्यार्थियों को प्रेरणा पोर्टल पर पंजीकृत करेगा (यदि पहले से पंजीकृत नहीं है) और जिले के जेएनवी में 'प्रेरणा उत्सव' में भाग लेने के लिए 02 सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों (01 लड़का और 01 लड़की) का चयन करेगा।
- विद्यार्थी "विकसित भारत" और "समाज और राष्ट्र के प्रति मेरा योगदान" से संबंधित विषयों पर अपनी पसंद की मल्टी-मॉडल गतिविधियों जैसे निबंध लेखन / कविता / कहानी / गीत, चित्र / कैरिकेचर बनाने आदि में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे ।
- विद्यार्थियों को नेतृत्व के गुणों, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्र के भविष्य को आकार देने के उत्साह के आधार पर सूचीबद्ध किया जाना है।
- 'प्रेरणा उत्सव' के आयोजन के दौरान विद्यालयों द्वारा 'प्रेरणा उत्सव' की पृष्ठभूमि और प्रेरणा पर फिल्म का उपयोग किया जाएगा।

- प्रत्येक विद्यालय शिक्षा मंत्रालय द्वारा साझा किए गए ट्रैकर पर 'प्रेरणा उत्सव' में विद्यार्थियों की भागीदारी का विवरण अपडेट करेगा। जिला शिक्षा अधिकारी (DEO) जिले के सभी विद्यालयों द्वारा ट्रैकर पर विवरण अपडेट करना सुनिश्चित करेंगे।
- जिले में विद्यालय स्तरीय प्रेरणा उत्सव के आयोजन के बाद, जिला शिक्षा अधिकारी (DEO) जिला स्तरीय प्रेरणा उत्सव के लिए चयनित सभी विद्यार्थियों की हस्ताक्षरित सूची 3 दिनों के भीतर जिला नोडल जेएनवी/केवी को भेजेंगे।

---

## विद्यालय स्तरीय प्रेरणा उत्सव की संभावित अनुसूची

| | |
|---|---|
| प्रेरणा पोर्टल पर विद्यार्थियों का पंजीकरण | प्रातः 10.00 बजे से 11.00 बजे तक |
| फ़िल्म शो | प्रातः 11.00 बजे से 11.15 बजे तक |
| प्रस्तुति/संशय निवारण सत्र | प्रातः 11.15 बजे से 11.30 बजे तक |
| विद्यार्थियों को उनकी पसंद के अनुसार विभिन्न गतिविधियों के लिए समूहों में बाँटना | प्रातः 11.30 बजे से 11.45 बजे तक |
| विद्यार्थियों द्वारा रचनात्मक अभिव्यक्ति के लिए गतिविधियाँ | प्रातः 11.45 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक |
| प्रविष्टियों का मूल्यांकन | दोपहर 12.30 बजे से 02.00 बजे तक |
| पोर्टल पर जिला स्तर पर भाग लेने के लिए चयनित सर्वश्रेष्ठ 02 विद्यार्थियों (01 लड़का और 01 लड़की) का चयन चिह्नित करना | दोपहर 02.00 बजे से 02.30 बजे तक |

#स्थानीय आवश्यकता के अनुसार राज्य/जिला अधिकारियों द्वारा समय की समीक्षा की जा सकती है।

## जिला स्तरीय प्रेरणा उत्सव

- जिला स्तरीय प्रेरणा उत्सव की तिथियाँ विभिन्न राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों और जिलों में विद्यालय स्तरीय प्रेरणा उत्सव के कार्यक्रम के आधार पर नोडल एजेंसी (एनवीएस/केवीएस) (अधिमानतः **1 से 20 अप्रैल 2024 तक**) द्वारा तय की जाएंगी।
- एनवीएस जेएनवी/जिला नोडल विद्यालय के माध्यम से जिला स्तरीय प्रेरणा उत्सव के कार्यक्रम को शिक्षा मंत्रालय और संबंधित जिलों के जिला शिक्षा अधिकारी (DEO) को सूचित करेगा।
- जिला शिक्षा अधिकारी (DEO) द्वारा भेजी गई सूची के अनुसार जिले के प्रत्येक विद्यालय से चयनित 02 विद्यार्थी (01 लड़का और 01 लड़की) एनवीएस द्वारा सूचित कार्यक्रम के अनुसार जिला स्तरीय 'प्रेरणा उत्सव' में भाग लेंगे।
- प्रेरणा उत्सव दिवस पर नोडल विद्यालय में, नोडल जेएनवी/केवी, विद्यार्थियों को प्रेरणा फिल्म और पैम्फलेट का उपयोग करके प्रेरणा कार्यक्रम के लिए उन्मुख करेगा।
- विद्यार्थी 'प्रेरणा के लिए मुझे क्यों चुना जाना चाहिए', 'भारत के लिए मेरा दृष्टिकोण', 'विकसित भारत@2047' जैसे विषयों पर जेएनवी/केवी में आयोजित विभिन्न गतिविधियों में भाग लेंगे।
- विद्यार्थी अपनी पसंद की मल्टी मॉडल गतिविधियों जैसे निबंध/कविता/कहानी/गीत लिखना, दिए गए विषय पर ड्राइंग/कैरिकेचर बनाना आदि में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। (प्रत्येक विद्यार्थी द्वारा एक गतिविधि)।
- इन गतिविधियों के मूल्यांकन के बाद, 30 विद्यार्थियों (15 लड़कों और 15 लड़कियों) का चयन किया जाएगा, जिसमें कम से कम 50% ग्रामीण, 50% लड़कियां और उनके व्यक्तित्व के मूल्यांकन और कार्यक्रम के लिए उपयुक्तता के आधार पर सामाजिक श्रेणियों का उचित प्रतिनिधित्व सम्मिलित होगा।
- एक ही दिन में 30 विद्यार्थियों के लिए व्यक्तिगत साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा और व्यक्तिगत साक्षात्कार के अंक प्रेरणा पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे।

- प्रेरणा कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पोर्टल के माध्यम से 02 प्रतिभागियों (01 लड़का और 01 लड़की) और 2 बैकअप प्रतिभागियों (01 लड़का और 01 लड़की) को अंतिम रूप से चुना जाएगा।
- अंतिम चयन के बाद प्रेरणा को विद्यार्थियों की रिपोर्टिंग का समन्वय जिला नोडल द्वारा किया जाएगा।

**अभिभावक शिक्षकों का चयन**

- जिस विद्यालय से छात्रा का चयन किया जाता है, उस विद्यालय द्वारा प्रत्येक जिले से एक महिला शिक्षक को अभिभावक शिक्षक के रूप में नामित किया जायेगा।
- जिला शिक्षा अधिकारी (DEO) को कार्यक्रम में भाग लेने के बाद अन्य शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए संसाधन व्यक्ति के रूप में उनकी उपयुक्तता को ध्यान में रखते हुए चयनित शिक्षकों के नामों को मंजूरी देनी होगी
- महिला शिक्षक को कम से कम 4-5 वर्ष  के अनुभव के साथ फिट और स्वस्थ होना चाहिए।
- महिला शिक्षक भाग लेने वाले किसी भी विद्यार्थी  की अभिभावक नहीं होनी चाहिए।
- अभिभावक शिक्षक किसी भी अध्याय/विषय के लिए अपने विषयों में मूल्यों के एकीकरण को दर्शाते हुए पाठ योजनाएं तैयार करेंगे और कार्यक्रम के दौरान अपनी पसंद के मूल्यों पर प्रस्तुतियाँ देंगे।
- प्रतिफल में, संबंधित राज्य/जिलों के एससीईआरटी/डीआईईटी प्रेरणा में प्रदान की जाने वाली मूल्य-आधारित अनुभवात्मक शिक्षा के व्यापक प्रसार के लिए संसाधन व्यक्तियों के रूप में अभिभावक शिक्षकों की सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं।